HM Government

# स्कॉटलैंड का यूके में रहना



अप्रैल 2014

# विषय वस्तु


| | |
|---|---|
| तथ्यों को जान लें | 1 |
| वर्तमान में स्कॉटलैंड का यूके में रहना: दोनों विश्वों का सर्वोत्तम | 3 |
| हमारी आर्थिक शक्ति और सुरक्षा | 6 |
| यूके का पाउंड | 7 |
| हमारा एकल बाजार | 7 |
| वित्तीय सेवाएं | 9 |
| हमारा साझा युनाइटेड किंगडम | 12 |
| विश्व में हमारा स्थान | 16 |
| निष्कर्ष | 19 |

# तथ्यों को जान लें

18 सितम्बर 2014 को, स्कॉटलैंड के लोग हमारे जीवनकाल के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में एक लेंगे - युनाइटेड किंगडम में रहना या उसे छोड़ कर एक अलग स्वतंत्र राष्ट्र बनना।

स्कॉटलैंड का राज्य सचिव होने के नाते, हाल ही के कुछ महीनों में मैं हमारे देश के चारों ओर गया हूँ एवं इस समय के दौरान मैंने व्यक्तियों, समुदायों और विभिन्न प्रकार के संगठनों के साथ इस जनमत संग्रह के बारे में विचार विमर्श किया है। पूरे स्कॉटलैंड में लोगों ने मुझसे स्पष्ट, सरल जानकारी का अनुरोध किया है जो व्यक्तियों , वे जिस संगठन के लिए काम करते हैं और उनकी सेवाओं का प्रयोग करने वाले लोगों को यह समझने में सहायता कर सके कि यूके में रहने से स्कॉटलैंड को कौन कौनसे लाभ मिलेंगे और छोड़ कर चले जाने का तात्पर्य क्या होगा।

यूके की सरकार ने विश्लेषण का एक बड़ा कार्यक्रम शुरू किया है जो यूके का हिस्सा बने रहने से स्कॉटलैंड को मिलने वाले लाभों को समझाता है और स्वतंत्रता के तात्पर्यों की जाँच करता है। इस छोटी पुस्तिका में अब तक के मुख्य निष्कर्षों का उल्लेख किया गया है। सविस्तार विश्लेषण - एवं अत्यधिक जानकारी - इस पते पर ऑनलाइन मिल सकती है **www.gov.uk/scottishreferendum**.

यूके की सरकार चाहती है कि स्कॉटलैंड में हर किसी को जनमत संग्रह की पूरी जानकारी हो। इसलिए मैं चाहता हूँ कि सभी संगठन इस जानकारी को उपलब्ध करवाए जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लोग स्कॉटलैंड के युनाइटड किंगडम में रहने के सकारात्मक पक्ष को समझ सकें।

Alistair Carmichael

**ऐलिस्टेर कारमाइकल (Alistair Carmichael) एमपी**
**स्कॉटलैंड के राज्य सचिव**

@YouDecide2014, www.gov.uk/scottishreferendum and facebook.com/youdecide2014 पर पहुँच कर आप शायद ऑनलाइन इस विचार विमर्श में शामिल होना चाहें।

# वर्तमान में स्कॉटलैंड का यूके में रहना: दोनों विश्वों की सर्वोत्तम

यूके का हिस्सा बनने से स्कॉटलैंड को दोनों विश्वों का सर्वोत्तम मिलता है।


हॉलीरुड में हमारे पास एक शक्तिशाली स्कॉटिश संसद है जो £27 बिलियन से अधिक व्यय को नियंत्रित करता है - स्कॉटलैंड के पूरे सार्वजनिक व्यय का लगभग 60%। स्कॉटिश संसद के पास यह अधिकार है कि वह चाइल्डकेयर (बच्चों की देखभाल); शिक्षा; प्रशिक्षण और कौशल; उद्योग; स्वास्थ्य और समाज सेवा; न्याय और पुलिस विभाग; आवासन; पर्यावरण; कृषि उद्योग; मछली पालन और ग्रामीण मामले; एवं कला, संस्कृति और खेल कूद जैसे विषयों से जुड़ी स्कॉटिश जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कानून बना सके और उसे बदल सके।

साथ ही, हमें यूके का हिस्सा बनने से लाभ भी मिलता है; एक यूके संसद जो अर्थव्यवस्था, रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में यूके के सभी लोगों की ओर से निर्णय लेता है। हमें, एक अधिक बड़े, अधिक विविध और स्थायी अर्थ व्यवस्था का हिस्सा होने का लाभ भी मिलता है जो हमें अच्छे समय के दौरान लाभों को बांटने देता है और बुरे समय में जोखिमों को साझा करने देता है।

और हमारा हस्तांतरण बंदोबस्त लचीला है। स्कॉटलैंड ऐक्ट 2012 ने स्कॉटिश संसद की शक्तियों का विस्तार किया जो 300 वर्षों में वेस्टमिनिस्टर से मिलने वाला सबसे बड़ा कर शक्तियों का हस्तांतरण है।

अप्रैल 2016 से, अधिक हस्तांतरण स्कॉटिश संसद को अतिरिक्त कर संबंधी शक्तियाँ देगा इसलिए वह अपने द्वारा स्कॉटलैंड में खर्च किए जाने वाले एक तिहाई पैसों को एकत्रित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इन शक्तियों में एक नया आय कर का स्कॉटिश दर शामिल है जो स्कॉटिश सरकार को स्कॉटलैंड के लोगों द्वारा दिए जाने वाले कर के दर को तय करने की अनुमति देगा। यूके की सरकार ने ऐसी शक्तियों की घोषणा भी की है जो स्कॉटिश सरकार को अपने बॉन्ड जारी करने और मुख्य परिवहन

## वह मुख्य शक्तियाँ जिन्हें सुरक्षित और हस्तांतरित किया गया है



योजनाओं, अस्पताल, स्कूल और बाढ़ से रक्षा जैसी योजनाओं के लिए निधि का निवेश करने के लिए कर्जा लेने के लिए सक्षम बनाएगा।

यूके चार संयुक्त राष्ट्रों से बना है जिनके बीच कोई सरहद नहीं है। साथ मिल कर हमने NHS (एनएचएस) और BBC (बीबीसी) का सृजन किया, विश्व युद्धों में स्वतंत्रता के लिए लड़े, ओलिम्पिक में सफलता का जश्न मनाया और दुनिया के सर्वोत्तम और सबसे स्थायी राष्ट्र संघ में से एक का सृजन किया। स्वतंत्रता का मतलब है कि स्कॉटलैंड यूके को छोड़ कर एक नए राष्ट्र की रचना करेगा। बाकी का यूके संयुक्त रहेगा। यूके का कानून और संस्थाएं - जैसे बैंक ऑफ इंग्लैंड - बाकी के संयुक्त यूके में अपना काम जारी रखेंगे और बाकी का संयुक्त यूके EU (यूरोपीयन यूनीयन - यूरोपीय संघ), UN (युनाइटेड नेशंज - संयुक्त राष्ट), NATO (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन), एवं G7 (जी7) जैसे संगठनों में अपनी सदस्यता को बरकरार रखेगा।

एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को उन सभी अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के पास आवेदन करना होगा जिनमें वह शामिल होना चाहता है और उसे अपने देशीय संस्थाओं को व्यवस्थित करना होगा। 200 से अधिक यूके की सार्वजनिक संस्थाएं हैं जो वर्तमान में स्कॉटलैंड में काम करती हैं - स्वतंत्र स्कॉटलैंड की सरकार को यह तय करना होगा कि उसे इनमें से कितनों की प्रतिकृति बनाने की आवश्यकता होगी। स्कॉटिश करदाताओं को इन संस्थाओं को बनाने और चलाने के खर्च का वित्त पोषण करना होगा।



# हमारी आर्थिक शक्ति और सुरक्षा

यूके का हिस्सा होने के नाते, स्कॉटलैंड की अर्थव्यवस्था ने सशक्त प्रदर्शन किया है। पिछले 50 वर्षों में, यूके के औसत की तुलना में स्कॉटलैंड में प्रति व्यक्ति के आर्थिक आउटपुट में विकास थोड़ा सा अधिक शक्तिशाली रहा है। यह दिखाता है कि यूके का हिस्सा होने के नाते स्कॉटलैंड अच्छा कर रहा है एवं अन्य छोटे स्वतंत्र देशों से कई गुना बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वर्ष 2000 से 2012 तक, प्रति व्यक्ति के लिए स्कॉटिश बढ़ाव डेनमार्क, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्सेमबर्ग और पुर्तगाल से अधिक था।

यूके के भीतर, हम स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, वेल्ज और उत्तरी आयरलैंड में संसाधनों को बांटते हैं और जोखिमों को साझा करते हैं। यूके की अर्थव्यवस्था के आमाप और विविधता ने आर्थिक झटकों से हमारी रक्षा की है, जैसे वर्ष 2008 का बैंकिंग संकट। रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड (आरबीएस) को पुन:निधि देने के लिए वर्ष 2008 में यूके की सरकार ने £45 बिलियन खर्च किया और बैंक ने राष्ट्रीय गारंटी और लोन (कर्जे) के रूप में £275 भी प्राप्त किया। कुल मिलाकर यह सहायता उस वर्ष में पूरी स्कॉटिश अर्थव्यवथा से दुगनी थी जिसमें उत्तरी सागर (नॉर्थ सी) का तेल भी शामिल था।

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए जीवीए (ग्रोथ वैल्यू ऐडिड) विकास के दर

| | |
|---|---|
| स्वीडन | 1.6% |
| स्कॉटलैंड | 1.2% |
| ऑस्ट्रिया | 1.2% |
| फिनलैंड | 1.1% |
| आयरलैंड | 0.8% |
| लक्सेमबर्ग | 0.8% |
| पुर्तगाल | 0.2% |
| डेनमार्क | 0.1% |

## यूके का पाउंड

यूके इतिहास में सबसे सफल आर्थिक, वित्तीय और राजनीतिक संघों में से एक है, और उसकी वर्तमान व्यवस्थाओं से स्कॉटलैंड को महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं। यूके के सभी अंशों के हित को मध्यनजर रखते हुए पूरे यूके में कर, व्यय, आर्थिक नीति और वित्तीय स्थायित्व की नीति का समंवयन किया जाता है। जोखिमों को साझा किया जाता है और अनिश्चितता के विरुद्ध यूके के पास साझी रक्षा है।


यदि स्कॉटलैंड के लोग यूके को छोड़ने के पक्ष में अपना मतदान (वोट) करते हैं तो हम यूके के पाउंड को छोड़ने के पक्ष में भी मतदान कर रहे होंगे। हमें जो चयन करने को कहा जा रहा है उसका एक हिस्सा यह भी है।

स्कॉटिश सरकार ने बाकी के संयुक्त यूके के साथ एक मुद्रा मेल का प्रस्ताव दिया है। यूके के सभी तीन मुख्य राजनीतिक दलों ने मुद्रा के मेल के विषय को असंभव घोषित किया है क्योंकि यह बाकी के संयुक्त यूके अथवा एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड के हित में नहीं होगा। एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड के लिए आर्थिक चुनौतियों से ताल मेल बिठाना अधिक कठिन हो जाएगा ठीक जैसा हमने यूरो मुद्रा संघ में यूरोपीय देशों के साथ होता हुआ देखा था। बाकी के संयुक्त यूके के लिए, इसका अर्थ होगा अधिक बड़े जोखिम के सम्मुख होना जिसमें यह संभावना होगी कि किसी वित्तीय या आर्थिक संकट स्थिति में यूके के करदाताओं को स्कॉटलैंड को पैसे देकर उस स्थिति से निकालने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए कहा जाए।

## हमारा एकल बाजार

एक मुद्रा और समान नियमों के साथ, यूके का बड़ा देशीय बाजार व्यवसायों को पूरे यूके में स्वतंत्र रूप से व्यापार करने की अनुमति देता है जिससे व्यवसायों, कर्मियों और ग्राहकों को लाभ मिलता है। वर्ष 2011 में, स्कॉटलैंड द्वारा यूके के अन्य हिस्सों को बेचे गए सामान और सेवाओं का मूल्य £45.5 बिलियन से अधिक था। यह बाकी के दुनिया को हमारे द्वारा किए जाने वाले निर्यात से दुगना है और बाकी के सम्मिलित यूरोपीय संघ को किए जाने वाले निर्यात से चार गुना है।

इस व्यापार को एक साझी व्यावसायिक संरचना के द्वारा समर्थित किया जाता है जो व्यवसाय के प्रत्येक स्तर का आधार है, कर्मचारियों को नियुक्त करने से लेकर, पैसे उधार लेने तक और ऑनलाइन या हाई स्ट्रीट पर बाजार में सामान बेचने तक।




निर्यात के 1% को निर्धारित नहीं किया जा सका



**स्वतंत्रता की परिस्थिति में, स्कॉटिश सरकार को निम्नलिखित के बीच चुनना होगा:**

- **अनौपचारिक रूप से पाउंड को अपनाना**, जिस तरह से पनामा और एकुआडोर अमरीकी डॉलर का प्रयोग करते हैं (तथाकथित "स्टरलिंगाइज़ेशन"), जिसका मतलब यह है कि उसके ब्याज के दर और उसके बैंकों के लिए अंतिम उपाय के रूप में ऋणदाता चुनने के विषय पर उसका कोई नियंत्रण नहीं होगा;
- **यूरो से जुड़ना**, जो ईयू में शामिल होने के लिए शायद एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को करना ही पड़े, एवं इसका मतलब यह होगा कि यूके पाउंड के बदले यूरो को प्रयोग में लाया जाएगा एवं स्कॉटिश ब्याज के दरों को यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा;
- **एक नई स्कॉटिश मुद्रा की रचना करना**, जो स्कॉटिश सरकार को समग्र आर्थिक नीति पर पूरा नियंत्रण देगी परंतु इससे बचत और पेंशन के मूल्य में अनिश्चितता आ जाएगी एवं व्यवसाय को भारी खर्च उठाने पड़ेंगे।

यूके के भीतर, हम इन सभी जोखिमों के बिना एक सशक्त यूके पाउंड का लाभ उठाते हैं।



मुद्रा के विकल्प की परवाह न करते हुए, स्वतंत्रता से यह सब कुछ समाप्त हो जाएगा।


इसका अर्थ यह होगा कि पूरे यूके में व्यापार करने वाले व्यवसायों को दो विभिन्न प्रकार के नियमों और विनियमों एवं दो कर व्यवस्थाओं को संभालना होगा, एवं यह सब खर्चों को बढ़ा देगा एवं अनिश्चितता पैदा करेगा, जिससे समग्र यूके में व्यवसाय करना और कठिन हो जाएगा।

यूके सरकार के विश्लेषण के अनुसार स्कॉटलैंड और विस्तृत यूके अर्थव्यवस्था के बीच सरहद खड़ा कर लेने से प्रति वर्ष स्कॉटलैंड में प्रत्येक परिवार का संभाव्य खर्च और एक भिन्न नियामक एवं अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने का खर्च £2000 है।

## वित्तीय सेवाएं

यूके की अर्थव्यवस्था के आमाप का मतलब है कि यह एक जीवंत और सुरक्षित आर्थिक क्षेत्र को संभाल सकता है एवं उसे समर्थित कर सकता है। स्वतंत्र स्कॉटलैंड में एक बैंकिंग क्षेत्र होगा जिसका आमाप उसकी अर्थव्यवस्था से 12 गुना अधिक होगा - जो संकट का सामना करने की परिस्थिति में आयरलैंड, आइसलैंड और सायप्रस से कई गुना अधिक है।

## जीडीपी के अनुपात में बैंकिंग खंड की संपत्ति




वित्तीय सेवाओं में विश्वीय अगुआ होने के नाते यूके की अवस्थिति से हमें लाभ मिलता है और वित्तीय क्षेत्रखंड स्कॉटिश अर्थव्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण है - वर्ष 2013 में इसने स्कॉटिश अर्थव्यवस्था के प्रति £8.8 बिलियन का योगदान दिया और कुल स्कॉटिश नियोजन के 8% को समर्थित किया (प्रायः 200,000 नौकरियाँ)।

स्कॉटिश वित्तीय क्षेत्र, और यह सारी नौकरियाँ इंग्लैंड, वेल्ज और उत्तरी आयरलैंड में रहने वाले ग्राहकों पर निर्भर करती हैं - और साथ ही स्कॉटलैंड में रहने वाले भी। हमारे एकल यूके बाजार का मतलब यह है कि स्कॉटलैंड की वित्तीय सेवाओं की फर्में बिना किन्हीं भी बाधाओं के समग्र यूके में ग्राहकों को अपने उत्पाद बेच सकती हैं। स्कॉटिश फर्मों द्वारा बेचे गए लगभग 90% ISAs और 80% मॉर्गेज यूके के अन्य हिस्सों में रहने वाले ग्राहकों को बेचे जाते हैं।

स्वतंत्रता इस देशीय बाजार को खण्डित कर देगी। एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को वित्तीय सेवाओं और अपनी कर व्यवस्था के लिए अपनी निजी कानून और विनियामक संरचना व्यवस्थित करनी होगी। इसका मतलब यह है कि एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड और बाकी के संयुक्त यूके में पेंशन, बीमा और मॉर्गेज बेचने वाले फर्म को दोनों बाजारों में अपने कार्य संचालित करने के कारण अतिरिक्त खर्चों का सामना करना होगा - ऐसे खर्च जिन्हें अंततः व्यक्तियों के द्वारा वहन किया जाना पड़ेगा (या तो कर दाता या ग्राहकों के रूप में)।

समग्र यूके में ऐसे कई सारे ग्राहक रक्षा और परामर्श के संगठन भी हैं - जैसे कि दी फाइनैनशीयल कनडक्ट अथॉरिटी, दी फाइनैनशीयल ओमबुड्समैन सर्विस एवं मनी अडवाइस सर्विस - जिसके समान संगठनों की रचना स्वतंत्र स्कॉटलैंड में करना महंगा होगा। वित्तीय सेवाओं का उद्योग यह अनुमानित करता है कि इसमें लाखों पाउंड का खर्च होग।

यूके में अच्छी तरह से वित्त पोषित व्यवस्थाएं भी कार्यांवित हैं जो यूके में जमा राशियों की £85,000 तक रक्षा करता है यदि बैंक कठिनाई में पड़ जाएं। यदि स्कॉटलैंड स्वतंत्र हो जाए तो स्कॉटिश बैंक और उनके ग्राहक इस रक्षा के अधीन नहीं रहेंगे। एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को EU (ईयू) कानून के अंतर्गत अपनी निजी डिपॉजिट (जमा राशि) गारंटी योजना व्यवस्थित करनी होगी। यदि स्कॉटलैंड के दो बड़े बैंकों में से एक असफल हो जाए तो जमाकर्ताओं को क्षतिपूर्ति देने का खर्च प्रायः संपूर्ण रूप से एक

बाकी बचे बैंक के ऊपर आ जाएगा। यदि यह योजना असफल हो जाए तो संभवतः एक स्वतंत्र स्कॉटिश सरकार को इसमें शामिल होने की आवश्यकता होगी। वर्तमान में स्कॉटिश योजना के अंतर्गत आने वाली जमा राशियों का मूल्य स्कॉटिश अर्थव्यवस्था से 100% अधिक है।

इन अतिरिक्त खर्चों का जोखिम उठाने के बदले फर्म केवल एक ही बाजार पर अपना ध्यान केंद्रित करने का निर्णय ले सकते हैं। आरबीएस और बैंक ऑफ स्कॉटलैंड जैसी कंपनियों ने स्कॉटिश स्वतंत्रता की परिस्थिति में अधिक उच्च खर्चों के जोखिम के विषय पर बात की है। स्टैंडर्ड लाइफ और अलायंस ट्रस्ट जैसे दूसरे इस विषय पर गौर कर रहे हैं कि यदि स्वतंत्रता के पक्ष में मतदान हो तो उस परिस्थिति में वे किस प्रकार से अपने व्यवसाय के हिस्सों को इंग्लैंड में स्थानांतरित करेंगे।

स्वतंत्रता के कारण स्कॉटलैंड के लोगों के लिए वित्तीय उत्पादों में अल्प चयन और उच्च खर्चे होंगे जिसमें मॉर्गेज, बीमा और पेंशन शामिल हैं। एक स्वतंत्र विश्लेषण के आधार पर, यूके सरकार ने यह अनुमानित किया है कि स्कॉटलैंड में एक औसत वार्षिक मॉर्गेज पेमेंट £1,700 से बढ़ जाएगा।




# हमारा साझा युनाइटेड किंगडम

समग्र यूके में हमारे संसाधनों को साझा करने से हम स्कॉटलैंड में वर्तमान में और भविष्य में सार्वजनिक व्यय को समर्थित कर सकते हैं - वर्ष 1998 से यूके की औसत की तुलना में स्कॉटलैंड का खर्च लगभग 10% ऊँचा रहा है। यह वर्ष 2012-13 में प्रत्येक व्यक्ति के लिए £1,300 के समान था।

यूके में हम चाहे जहाँ भी रहें, लोग एक समान बेनिफिट पेमेंट प्राप्त करते हैं, चाहे स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में कोई भी उतार चढ़ाव हों अथवा स्थानीय जनसंख्याओं के बीच कोई भी अंतर हों। यूके की अर्थव्यवस्था का आमाप और उसकी शक्ति हमें जरूरत के समय अपने लोगों को समर्थित करने और बुढ़ापे में हमें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायता करती है।

स्वतंत्रता की परिस्थिति में, स्कॉटलैंड उत्तरी सागर के तेल और गैस की आय का एक हिस्सा प्राप्त करेगा जिसे बात चीत के द्वारा तय करना होगा। यद्यपि, तेल से प्राप्त आय सबसे अस्थिर आयो स्त्रोतों में से एक है। हस्तांतरण से, स्कॉटलैंड के भौगोलिक तेल और गैस के हिस्से से प्राप्त आय में £2 बिलियन और £12 बिलियन के बीच उतार चढ़ाव हुआ है। स्कॉटिश सरकार के आंकड़े यह दिखाते हैं कि वर्ष 2012 से 13 में उत्तरी सागर के भौगोलिक हिस्से द्वारा जनित आय £4 बिलियन से अधिक गिर गई है - जो एक वर्ष में स्कॉटलैंड की शिक्षा के बजट के आधे से अधिक हिस्से को खो देने के समान है। यद्यपि, यूके का हिस्सा होने के नाते, यूके की अर्थव्यवस्था की शक्ति और विविधता का लाभ उठाते हुए स्कॉटिश सरकार का बजट वस्तुतः वर्ष 2012-13 में बढ़ गया।




यूके के भीतर, तेल और गैस क्षेत्र और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र को एकल ऊर्जा बाजार में लाखों ग्राहकों का लाभ मिलता है। स्कॉटलैंड का ऊर्जा उद्योग, इंग्लैंड और वेल्ज के 24 मिलियन बिजली के ग्राहकों तक अप्रतिबंधित पहुँच पर निर्भर है - स्कॉटलैंड से 10 गुना अधिक। यूके का हिस्सा होने के नाते, हम एक साथ मिलकर अक्षय ऊर्जा का अधिकतम संभाव्य लाभ उठाते हैं एवं पूरे यूके में ग्राहकों के द्वारा खर्च को साझा किए जाने से स्कॉटलैंड के गतिशील नविकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र को लाभ मिलता है।

नविकरणीय ऊर्जा के समान अभिनव उद्योग को यूके की दुनिया में अग्रणी और संपन्न शोध समुदाय से लाभ मिलता है। समग्र यूके के शोधकर्ताओं को उन्नत कंप्यूटिंग जैसे बुनियादी ढांचों और यूरोपीयन सेंटर फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) जैसी अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं में यूके की सदस्यता से लाभ मिलता है। इन खर्चों को साझा करने से यह अधिक वहनीय बन जाते हैं। साथ ही, स्कॉटलैंड के शोधकर्ताओं को सीधे समग्र यूके के शोध संबंधी वित्त पोषण से लाभ मिलता है। वर्ष 2012-13 में, स्कॉटलैंड ने यूके रिसर्च काउंसिल के वित्त पोषण (£257 मिलियन) का 13% से अधिक प्राप्त किया - जो स्कॉटलैंड के जीडीपी (सकल देशी उत्पाद) के हिस्से (8%) या जनसंख्या के हिस्से (8.4%) से बेहतर है। सार्वजनिक वित्त पोषण



के अतिरिक्त, यूके के धर्मार्थ संगठन स्कॉटलैंड में हो रहे शोध के निधियन के प्रति महत्वपूर्ण राशि प्रदान करते हैं; वर्ष 2011 में एसोसिएशन ऑफ मेडिकल रिसर्च चैरिटीज द्वारा एकत्रित निधि के लगभग 14% को स्कॉटलैंड के शोध पर खर्च किया गया।

यूके रिसर्च काउंसिल्ज उन समग्र यूके के 200 से अधिक सार्वजनिक संगठनों में से कुछ हैं जो वर्तमान में स्कॉटलैंड के लोगों को अपनी सेवा प्रदान करते हैं। वे सभी सहभाजित मान्यताओं द्वारा समर्थित हैं जो यूके में सभी को बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने देता है जिससे कि कर दाताओं के खर्च को कम किया जाए, यूके की वैश्विक प्रतिष्ठा को अधिकतम बढ़ाया जाए एवं जहाँ उचित हो वहाँ संसाधनों और जोखिमों को साझा किया जाए। यद्यपि, यदि स्कॉटलैंड युनाइटेड किंगडम को छोड़ कर चला जाता है तो वह यूके के सभी संस्थाओं को भी छोड़ कर चला जाएगा।

स्कॉटिश सरकार ने यह कहा है कि स्वतंत्रता की परिस्थिति में वह इन संस्थाओं में से कई सारों में अपनी सदस्यता जारी रखना चाहेगी। परंतु इन संस्थाओं को अन्य अलग राष्ट्रों के साथ साझा नहीं किया जाता है एवं यह बात स्पष्ट नहीं है कि भविष्य में दो अलग - अलग राष्ट्रों को अपनी सेवा प्रदान करने के लिए यूके की संस्थाओं को परिवर्तन करना क्यों बाकी के संयुक्त यूके के हित में होगा।

नए स्कॉटिश राष्ट्र को अनिवार्य रूप से विभिन्न प्रकार के नए सार्वजनिक संगठनों की रचना करनी होगी। पूर्ण रूप से नई संस्थाओं के समूह की व्यवस्था करना एक बहुत बड़ा कार्य होगा जिसके लिए महत्वपूर्ण अग्रिम निवेश की आवश्यकता होगी।

यूके का हिस्सा होने के नाते हम जिन संस्थाओं को साझा करते हैं वे सभी हमारे दैनंदिन जीवन में अत्यंत सन्निहित है। उदाहरणार्थ, समग्र यूके में लाखों लोग नैशनल लॉटरी खेलते हैं एवं उसके द्वारा एकत्रित पैसे पूरे यूके में खेल और संस्कृति को समर्थित करते हैं, एवं स्कॉटलैंड में 50,000 से अधिक वैयक्तिक अच्छे अभियानों ने वर्ष 1994 से £2.5 बिलियन मूल्य का वित्त पोषण प्राप्त किया है। एक नए स्कॉटिश राष्ट्र को स्वतः रूप से यूके नैशनल लॉटरी का हिस्सा बने रहने का अधिकार नहीं मिलेगा।

बीबीसी हमारी श्रेष्ठ सहभाजित संस्थाओं में से एक है। पूरे विश्व में लोग इसकी प्रशंसा करते हैं एवं यह देश के अंदर पर लाखों दर्शकों और श्रोताओं को सूचित, शिक्षित

और मनोरंजित करता है। स्वतंत्रता की परिस्थिति में, सार्वजनिक सेवा के प्रसारणकर्ता - बीबीसी सहित - बाकी के संयुक्त यूके को अपनी सेवा प्रदान करना जारी रखेंगे।

एक नए अलग राष्ट्र की भांति, एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को स्वतः रूप से बीबीसी का हिस्सा नहीं मिलेगा। मौजूदा बीबीसी की संपत्ति का प्रयोग करने, अथवा बीबीसी के कार्यक्रमों को देखने के लिए किए गए किसी भी निवेदन को बात चीत करके तय करना होगा।



# विश्व में हमारा स्थान

एक साथ मिल कर युनाइटेड किंगडम की भांति हम अपने आस पास की दुनिया को प्रभावित करते हैं। EU(ईयू), NATO(उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन), G7(जी7), दी कॉमनवेल्थ, एवं दी यूएन सिक्योरिटी काउंसिल (सुरक्षा परिषद) के प्रमुख राष्ट्रों में यूके की गिनती होती है - दुनिया का एक मात्र देश जो इन सभी संगठनों का हिस्सा है। हम स्कॉटलैंड को प्रभावित करने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय निर्णयों को विकसित करते हैं एवं पूरी दुनिया में लोकतंत्र और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करते हैं।

यूके का राजनयिक वैश्विक नेटवर्क पूरी दुनिया में स्कॉटलैंड का प्रतिनिधित्व करता है एवं पूरी दुनिया में 154 देश और 12 विदेशी क्षेत्रों में 267 एम्बसी (दूतावास), हाई कमीशन, कॉन्सुलेट्स एवं अन्य कार्यालयों में 14,000 से अधिक लोगों को नियुक्त करता है। स्कॉटलैंड में आधारित व्यवसायों के आर्थिक हितों को विकसित करने एवं उनकी रक्षा करने के लिए हम हमारे नेटवर्क का प्रयोग करते हैं - उदाहरणार्थ, नकली उत्पादों के विरुद्ध स्कॉच व्हिस्की, भेदभावपूर्ण कराधान एवं व्यवसाय में बाधाएं।

स्कॉटिश व्यवसायों को 100 से अधिक देशों में यूके ट्रेड एंड इनवेस्टमेंट (यूकेटीआई) के 169 कार्यालयों की सक्रिय सहायता का लाभ मिलता है।

एवं, यूके का हिस्सा होने के नाते, हम अपने संसाधनों को साझा करते हैं जिससे हम अंतर्राष्ट्रीय सहायता में सचमुच महत्वपूर्ण अंतर ला सकें, एवं हम दुनिया में द्वितीय सबसे बड़े सहायता दाता हैं एवं हम जी7 का पहला ऐसा देश हैं जिसने 0.7% जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। हमारे सहभाजित प्रयास यूके को चरम गरीबी समाप्त करने के प्रति काम करने देता है, लड़कियों और महिलाओं की अंतर्निहित शक्तियों को उभरने देता है एवं मानवीय आपातकालीन परिस्थितियाँ उत्पन्न होने पर जीवन बचाने में सहायता करता है।

यूरोप में यूके की सशक्त आवाज से हम सभी को लाभ मिलता है, जहाँ हम स्कॉटलैंड के लोगों और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करते हैं, जैसे कि बजट के प्रति

## विश्व के सर्वोत्तम दस सहायता दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अमरीका | $31.55 बिलियन |
| 2 | यूके | $17.88 बिलियन |
| 3 | जर्मनी | $14.06 बिलियन |
| 4 | जापान | $11.79 बिलियन |
| 5 | फ्रांस | $11.38 बिलियन |
| 6 | स्वीडन | $5.83 बिलियन |
| 7 | नॉर्वे | $5.58 बिलियन |
| 8 | नीदरलैंड्स | $5.44 बिलियन |
| 9 | कनाडा | $4.91 बिलियन |
| 10 | ऑस्ट्रेलिया | $4.85 बिलियन |

योगदान, मछली पालन एवं कृषि उद्योग के लिए आर्थिक सहायता (सब्सिडी)। ईयू में बात चीत के द्वारा हमने जिन शर्तों को तय किया है उससे यूके में हम सभी को लाभ मिलता है, जिसमें यूरो और शेंजेन क्षेत्र से बाहर निकलने का विकल्प और बजट पर हमारा छूट शामिल है, जिसका मूल्य £3 बिलियन से अधिक है।

स्वतंत्रता की परिस्थिति में, एक स्कॉटिश सरकार को ईयू सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हिस्सा बनने का आवेदन करना होगा जिसके लिए सभी 28 सदस्य राष्ट्रों की सहमति की आवश्यकता होगी। ईयू की सदस्यता से संबंधित नियम और समय सारिणी से स्कॉटिश सरकार की प्रत्याशाएं अभूतपूर्व हैं जिसके कारण ईयू कमीशन के प्रेसीडेंट, स्पेन के प्रधान मंत्री और अन्य लोगों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। यूके को ईयू बजट में मिली छूट का फायदा उठाने के बदले एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड को वस्तुतः बाकी के संयुक्त यूके के छूट के प्रति भुगतान करना होगा।

युनाइटेड किंगडम का हिस्सा होने के नाते, हम अपने देश में अपनी रक्षा करने के लिए एक साथ मिल कर काम करते हैं। रक्षा के प्रति यूके की एकीकृत पद्धति यूके के सभी हिस्सों की रक्षा करती है। हमारी सुरक्षा और खुफिया एजंसी हमें आतंकवाद, जासूसी और साइबर अपराध से सुरक्षित रखती है।

यूके के सशस्त्र बल दुनिया में सबसे अच्छे हैं एवं यूके में हमें सुरक्षित रखते हैं एवं विदेश में झगड़े रोकने और मानवीय कार्यों के प्रति योगदान देते हैं; एवं यह दुनिया के सबसे बड़े बजटों में से एक वार्षिक डिफेंस (रक्षा) बजट द्वारा पोषित है। डिफेंस (रक्षा) पर हमारा व्यय, स्कॉटलैंड में रक्षा उद्योग को समर्थित करता है जो लगभग 12,600 लोगों को नियुक्त करता है। स्वतंत्रता की परिस्थिति में, स्कॉटलैंड में आधारित कंपनियाँ उन कॉन्ट्रैक्ट के लिए योग्य नहीं होंगी जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कारणवश यूके अपने देश के भीतर प्रदान करता है।

हमारे यूके की सरहद भी रक्षित है जहाँ 20,000 से अधिक लोग उसकी रक्षा के लिए काम करते हैं एवं यूके में ऐसे लोगों अथवा सामान के आने को रोकने के लिए £2 बिलियन से अधिक खर्च किया जाता है जो हमें हानि पहुँचा सकते हैं। यूके के भीतर लोगों एवं सामान की मुक्त आवाजाही है। यूके में यात्रा करने के लिए पहचान दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होती है। माल की आवाजाही पर न तो कस्टम्ज (सीमा शुल्क) की जाँच न तो प्रशासन संबंधी कार्य शामिल हैं। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच प्रति वर्ष 23 मिलियन वाहन प्रत्येक दिशा में आते जाते हैं; प्रत्येक दिशा में 15 मिलियन टन माल की आवाजाही है; स्कॉटलैंड और यूके के अन्य हिस्सों के बीच 7 मिलियन रेलयात्रियों की यात्राएं होती हैं; एवं स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के बीच 800,000 हवाई यात्रियों की यात्राएं होती हैं। स्वतंत्रता की परिस्थिति में, स्कॉटलैंड और बाकी के संयुक्त यूके के बीच की वर्तमान सरहद दो अलग अलग राष्ट्रों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सरहद बन जाएगी। स्कॉटिश राष्ट्र और बाकी के संयुक्त यूके दोनों को सरहद के पार लोगों और सामान की आवाजाही को संभालने के विषय पर निर्णय लेने होंगे। यह संभव है कि समय के साथ साथ, अपनी परिस्थितियों के अनुसार दो अलग अलग सरकार भिन्न नीतियों का अनुसरण करने लगेंगी जिसके परिणामस्वरूप कर और नियामक व्यवस्थाओं में मतभेद दिखाई दे सकते हैं। तस्करी के जरिए अपराधी इन मतभेदों का फायदा उठा सकते हैं। यह भी संभव है कि दोनों सरकारें शायद अलग अलग आप्रवासन नीतियों का अनुसरण करना चाहें। यद्यपि, एक स्वतंत्र स्कॉटलैंड एक अधिक खुली आप्रवासन नीति का अनुसरण शायद न करे एवं वह शायद यूके और आयरलैंड के साथ एक सार्व यातायात क्षेत्र (कॉमन ट्रैवल एरिया) का हिस्सा बनना चाहे।

# निष्कर्ष

स्कॉटलैंड, यूके का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम सभी अपना योगदान देते हैं और राष्ट्रों के परिवार का हिस्सा होने के नाते लाभ भी प्राप्त करते हैं।

युनाइटेड किंगडम का हिस्सा होने के नाते, घर और पूरे विश्व में स्कॉटलैंड का प्रभाव है। यूके की अर्थव्यवस्था की शक्ति और विविधता द्वारा हमारे उद्योग बेहतर रूप से रक्षित और समर्थित हैं एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में यूके की सदस्यता द्वारा हम विश्व के मंच पर अपनी आवाज सामने रख सकते हैं।

हमारी विशिष्ट राष्ट्रीय संस्कृति; हमारे गिरजे, हमारी शिक्षा और हमारी कानून व्यवस्था का हमेशा युनाइटेड किंगडम के भीतर सम्मान किया जाता है - एवं हमेशा से किया जाता रहा है। एवं हॉलीरुड में हमारे अपने न्यागत संसद के साथ हम हमारे स्वास्थ्य, हमारे स्कूल, हमारी न्याय व्यवस्था एवं हमारे पर्यावरण से जुड़े अपने दैनंदिन जीवन को प्रभावित करने वाले मुख्य मुद्दों पर निर्णय ले सकते हैं।

300 से अधिक वर्षों से, हम यूके के अन्य भागों में हमारे दोस्तों और परिवार के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। एवं सितम्बर में युनाइटेड किंगडम में रहने के पक्ष में अपना मतदान देने से हम एक साथ मिल कर बहुत कुछ और प्राप्त कर सकते हैं जो शायद हम अलग रह कर प्राप्त न कर सकें।

यदि आप अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं अथवा स्कॉटलैंड के विश्लेषण के कागज तक पहुँच प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं तो कृपया निम्नलिखित पर जाएं:
www.gov.uk/scottishreferendum अथवा आप शायद निम्नलिखित तक पहुंच प्राप्त करके ऑनलाइन इस विचार विमर्श में शामिल होना चाहें
@YouDecide2014 एवं facebook.com/youdecide2014